कुलवंत ने राष्ट्रीय कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

राजकीय डिग्री कॉलेज धामी स्थित 16 मील शिमला के कुलवंतसिंह पुत्र जीत राम ने एमडीयू रोहतक में 31 अगस्त से 2 सितंबर 2024 तक आयोजित 17वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लिया। उन्होंने इस चैंपियनशिप में 84 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कॉलेज का यह युवा उभरता खिलाड़ी भविष्य में उज्बेकिस्तान में होने वाली विश्व ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में भाग लेगा।

आपका फैसला TV
Web:- www.aapkafaisla.co
शिमला, शनिवार, 7 सितंबर, 2024
3

युवा रेसलर कुलवंत सिंह के गोल्ड मेडल जीतने पर क्षेत्र में खुशी की लहर

सोलन, (आपका फैसला)। जिला सोलन के अर्की उपमंडल के कोलका गांव निवासी युवा रेसलर कुलवंत सिंह पुत्र जीत राम वर्मा ने गत दिनों हरियाणा के रोहतक में स्थित एमडी यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई 17वीं राष्ट्रीय रैसलिंग में अपनी श्रेणी में गोल्ड मेडल जीतकर देवभूमि हिमाचल प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश का यह बेटा आगामी दिनों में कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली वर्ल्ड रैसलिंग प्रतियोगिता में भारत की ओर से दमखम दिखाएगा। युवा रैसलर कुलवंत सिंह की इस उपलब्धि की खबर जैसे ही उनके गांव कोलका में मिली तो समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। राष्ट्रीय स्तर की रैसलिंग में हिमाचल प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर लाए युवा रेसलर कुलवंत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अर्की क्षेत्र के गांव कोलका का निवासी है और वर्तमान में धामी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। रैसलिंग की दुनिया में पदार्पण कर चुके कुलवंत सिंह के मुताबिक उसने युनाइटेड वर्ल्ड रैसलिंग के तत्वावधान में भारतीय रेसलिंग संघ द्वारा हरियाणा के एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक में आयोजित 17वीं राष्ट्रीय रैसलिंग प्रतियोगिता में 84 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। कुलवंत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उसने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल में दिल्ली के एशियन रैसलर जीपूतिशु को एक तरफा पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। उसने फाइनल मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ी को हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी के साथ युवा रैसलर कुलवंत सिंह का चयन कजाकिस्तान में होने वाली युनाइटेड वर्ल्ड रैसलिंग

के लिए हुआ है। हिमाचल प्रदेश ग्रेप्पलिंग संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने कुलवंत को विश्व स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने पर बधाई दी है और इस प्रतियोगिता में भारत के लिए मेडल जीतकर लाने के लिए शुभकामनाएं दी है। रैसलर कुलवंत सिंह को स्वर्ण पदक जितने व विश्व स्तर की रैसलिंग प्रतियोगिता में चयनित होने पर श्री बांके बिहारी विश्व मंगलम सेवाधाम के प्रमुख संस्थापक एवं ख्याति प्राप्त कथा वाचक आचार्य श्री हरिजी महाराज ने भी बधाई दी और अपना आशीर्वाद दिया है। जिला पैंशनर्ज एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन सोलन के मीडिया प्रभारी एवं पूर्व बीडीसी सदस्य डीडी कश्यप ने कुलवंत सिंह को राष्ट्रीय स्तर की रैसलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने और वर्ल्ड रैसलिंग प्रतियोगिता में चयनित होने पर बधाई दी है।

सोलन के कुलवंत ने ग्रेपलिंग में जीता स्वर्ण

अर्की (सोलन)। सोलन के अर्की की ग्राम पंचायत कोलका के पहलवान कुलवंत ने ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीता है। उपप्रधान जेपी ठाकुर ने बताया कि एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक (हरियाणा) में 84 किलो भारवर्ग में राष्ट्रीय स्तर की ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में कुलवंत ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि कुलवंत ने देशभर के खिलाड़ियों को मात देते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

अक्तूबर में कुलवंत कजाकिस्तान में होने वाली विश्व ग्रेपलिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करेगा कुलवंत की इस उपलब्धि के लिए सीपीएस संजय अवस्थी, पूर्व विधायक गोविंद शर्मा, भाजपा नेता रतन सिंह पाल, कर्मचारी नेता सुरेंद्र ठाकुर, ग्राम पंचायत कोलका के प्रधान यशपाल कश्यप ने बधाई दी है। संवाद